# <u>प्रेस नोट–जनपद मुजफ्फरनगर</u>
## <u>दिनांक–03.07.2025</u>

- **<u>थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

  दिनांक 03.07.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री विकास कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0– 131/2025 धारा 191(2)/191(3)/190/115(2)/109(1)/352/351(3)/117(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त बिजेन्द्र पुत्र घसीटू निवासी ग्राम मन्धेडा थाना शाहपुर जनपद, मुजफ्फरनगर को कसेरवा नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना चरथावल पुलिस द्वारा 01 वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

  दिनांक 03.07.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री मिलन चौधरी मय हमराहीगण द्वारा वाद सं0– 2931/10 धारा 4/25 आयुध अधिनियम में वारन्टी अभियुक्त मौ0 कुद्दूस निवासी मौहल्ला नूरवफान कस्बा व थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना खालापार पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए 01 पशु चोर चोरी किये गये पशु व अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–</u>**

  दिनांक 03.07.2025 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री गजेन्द्र चाहर मय हमराहीगण द्वारा पशु चोरी के अभियोग मु0अ0सं0– 120/25 धारा 303(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए 01 पशु चोर राशिद उर्फ आसिफ पुत्र इन्तजार निवासी मौहल्ला खैल कस्बा व थाना कांधला, शामली हाल पता किदवई नगर थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को किदवई नगर कूडा प्लान्ट के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गयी 01 कटिया व 01 अवैध चाकू बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खालापार पुलिस द्वारा पंजीकृत अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस व 4/25 आयुध अधिनियम की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **<u>थाना भौराकलां पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

  दिनांक 03.07.2025 को थाना भौराकलां पर नियुक्त उ0नि0 श्री देवेश कुमार मय हमराहीगण द्वारा वाद सं0– 1010/11/23 धारा 128 सीआरपीसी मे वारन्टी अभियुक्त रोहताश निवासी ग्राम खेड़ा गदई थाना थानाभवन शामली को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना सिखेडा पुलिस द्वारा 02 चोर अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 03.07.2025 को थाना सिखेडा पर नियुक्त उ0नि0 श्री गौरव मलिक मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0– 78/2025 धारा 305 बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1– नीशू पुत्र रामवीर निवासी ग्राम कमलनगर थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर तथा आर्यन पुत्र बासेराम निवासी ग्राम भिक्की थाना सिखेड़ा, मुजफ्फरनगर को ग्राम भिक्की मार्ग पर ईंट भट्टे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की गयी 01 मोटर व 10,000/– रूपये (मु0अ0सं0– 78/2025 से सम्बन्धित) बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिखेड़ा पुलिस द्वारा पंजीकृत अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।